यूपी में अब स्थापित किए जाएंगे आठ निजी डाटा सेंटर पार्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : उत्तर प्रदेश में तेजी से हो रहे विकास को देखते हुए डेटा सेंटर उद्योग का लक्ष्य बढ़ा दिया गया है। अब 900 मेगावाट का डाटा सेंटर उद्योग विकसित करने और इससे 30 हजार करोड़ रुपये के निवेश कराने पर जोर होगा। इसके लिए नीति में जरूरी संशोधन कर दिया गया है। उप्र डाटा सेंटर (प्रथम संशोधन) नीति–वर्ष 2021 को लागू कर दिया गया है। प्रमुख सचिव, आइटी एवं इलेक्ट्रानिक्स नरेन्द्र भूषण की ओर से संशोधित नीति जारी कर दी गई।

प्रदेश में पहले 250 मेगावाट का डाटा सेंटर उद्योग विकसित करने और 20 हजार करोड़ के निवेश का लक्ष्य रखा गया था। वहीं पहले तीन डाटा सेंटर पार्क बनाने जाने थे और अब आठ डाटा सेंटर पार्क बनाए जाएंगे। पहले निजी संस्था को लेटर आफ कंफर्ट (एलओसी) जारी करने के बाद वाणिज्यिक उत्पादन शुरू करने पर निर्णय सशक्त कमेटी द्वारा लिया जाना था। अब एलओसी जारी होने के बाद तीन वर्ष में वाणिज्यिक उत्पादन शुरू करना होगा।